अधिसूचना

कार्यालय
मंडल रेल प्रबन्धक(का.)
वाराणसी
दिनांक-26.12.2019

सं.-का/वा/254/33-1 /3%कोटा/2019

विषय :- चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी(वाणिज्य सह टिकट लिपिक 5200-20200 ग्रेडपे 2000/ले-03)के 33-1/3% विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के तहत चयन के सम्बन्ध में।

****

वाराणसी मंडल के वाणिज्य विभाग मे (वाणिज्य सह टिकट लिपिक 5200-20200 ग्रेडप पे 2000/ले-03)के 33-1/3%विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के तहत कुल=78(सामान्य=63,अजा=10एंव अजजा=05)पद चतुर्थ श्रेणी ले-01(वाणिज्य एंव परिचालन विभाग) के नियमित कर्मचारियो से भरे जाने हेतु संलग्न प्रोफार्मा पर विकल्प /आवेदन पत्र आमन्त्रित किया जाता हैं। इस चयन मे सम्मिलित होने हेतु वे कर्मचारी पात्र होगें जो जारी अधिसूचना की तिथि को कम से कम 02 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके है,एवं शैक्षणिक योग्यता कम से कम हाईस्कूल उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

इच्छूक कर्मचारी संलग्न प्रोफार्मा पर अपना विकल्प/आवेदन पत्र वांछित प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक-31.01.2020 तक इस कार्यालय में अपने पर्यवेक्षक के माध्यम से अवश्य भेजा जाना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त विकल्प /आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपर्युक्त चयन हेतु मात्र लिखित परीक्षा ली जायेगी,जिसके तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी। लिखित परीक्षा 1 घण्टे 30 मिनट कुल 85 अंक की होगी,जिसमे प्रश्न-पत्र दो खण्डो " अ" एंव "ब"में होगे । खण्ड " अ" में हिन्दी एंव अग्रेजी की सामान्य जानकारी तथा खण्ड "ब" में सामान्य गाणित तथा रेलवे कार्य पद्धति से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान के प्रश्न होंगे,जो कर्मचारी द्वारा रेल सेवा के दौरान उपयोग में लाया जाता है। खण्ड क 40 एवं खण्ड ब 45 अंको का होगा । रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या-E(NG)I/2018/PM दिनांक-14.12.18 एवं दिनांक-30.08.19 के अनुसार खण्ड अ एव ब के सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे,तथा दोनो खण्डों अ एव ब में अलग-अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित अंको में से कम से कम 10% अंक राजभाषा नीति एवं नियमों से सम्बन्धित होंगे। राजभाषा नीति एवं नियमों से सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर वैकल्पिक होंगे। विकल्प देने वाले कर्मचारियों को उक्त अधिसूचना को परीक्षा की तैयारी मानते हुए अल्प कालिक सूचना पर परीक्षा के लिए तैयार रहना होगा।

सभी पर्यवेक्षको को यह निर्देश दिया जाता है कि कर्मचारियों का विकल्प/आवेदन पत्र प्राप्त कर दिनांक-31.01.2020 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में भेजने के पूर्व यह भी सुनिश्चित करेंगे कि,आवेदन/ विकल्प पूर्ण रुप से भरा हो । अपूर्ण आवेदन एवं प्रमाण पत्र के अभाव में आवेदन/विकल्प पर विचार नही किया जायेगा । व्यापक प्रचार प्रसार हेतु अधिसूचना की एक प्रति स्टेशन नोटिस बोर्ड पर अवश्य लगावें तथा अपने अधिनस्थ कर्मचारियों द्वारा इसे नोट कराया जाना सुनिश्चित करें।

सहायक कार्मिक अधिकारी
कृते मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक)
वाराणसी

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित-

1.वमवाप्र/वाराणसी
2.समस्त स्टेधी मुवानि वाराणसी मंडल
3-प्राचार्य.क्षे.प्र.वि/मुजफ्फरपुर
4-मुवानि/कन्ट्रोल वाराणसी-कृपया उक्त अधिसूचना को अपने स्तर से प्रसारित करने की व्यवस्था करें।
5-कार्याधी/वाणिज्य-कृपया उक्त अधिसूचना को अपने स्तर से प्रसारित करने की व्यवस्था करें।
6-नोटिस बोर्ड
7-मंडल मंत्री नरमू,ओबीसी,अजा,अजजा वाराणसी।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(का.)
वाराणसी

Scanned by CamScanner

आवेदन पत्र का प्रारुप

सेवा में

श्रीमान मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक)
पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी

विषय-चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी 33-1/3% कोटा के अन्तर्गत वाणिज्य सह टिकट लिपिक (ग्रेडपे-5200-20200+2000/- लेबल-3) के चयन में सम्मिलित होने हेतु।

*****

मैं निम्नलिखित सेवा विवरण के साथ चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी मे 33-1/3% कोटे के अन्तर्गत चयन परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए आवेदन करता/करती हूँ।

1.नाम-

2.पिता का नाम-

3.पदनाम-

4.वेतनमान/लेबल-

5.कार्यस्थल/विभाग-

6.मूल पद पर नियुक्ति तिथि/वेतनमान-

7.जन्मतिथि-

8.वेतनमान पद पर नियुक्ति तिथि-

9.शैक्षणिक योग्यता-

10.परीक्षा उत्तीर्ण की तिथि-

11.यदि परीक्षा नौकरी में आने के बाद उत्तीर्ण किया है तो प्रशासन से परीक्षा मे सम्मिलित होने की अनुमति ली है या नही स्पष्ट उल्लेख करे एवं अनुमति का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

12.अन्य योग्यता कोई हो-

13.यदि अजा,अजजा के हो तो जाति का नाम (प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

आपका

आवदेक का हस्ताक्षर

दिनांक -

अग्रसारित एंव प्रमाणित किया जाता है कि कर्मचारी का आवेदन पत्र अपने हाथ से भरा गया है और मेरे सामने हस्ताक्षर किया गया है तथा उक्त विवरण मेरी जानकारी में सही है।

प्रमाणित फोटो
चिपकाऐं

स्टेशन मास्टर/स्टेषी/पर्यवेक्षक का हस्ताक्षर
मुहर

दिनांक-

Scanned by CamScanner